संतोष कुमार गंगवार
Santosh Kumar Gangwar

सत्यमेव जयते

श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
भारत सरकार
Minister of State Labour & Employment
(Independent Charge)
Government of India

संतोष कुमार गंगवार
श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

संदेश

14 सितम्बर, 2020, हिन्दी दिवस के अवसर पर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय तथा इसके अधीनस्थ/संबद्ध/स्वायत्त कार्यालयों के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

हिन्दी हमारी राजभाषा है तथा सरकार प्रेरणा एवं प्रोत्साहन के माध्यम से इसका प्रचार एवं प्रसार सुनिश्चित कर रही है। हिन्दी अब हमारे देश में आमजन की भाषा बन चुकी है तथा पूरे विश्व में दिन-प्रति - दिन हिन्दी बोलने वालों की संख्या में वृद्धि होती जा रही है। हिन्दी में काम करना बहुत ही आसान एवं सहज है। सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है कि हम सरल एवं सहज हिन्दी का प्रयोग करें। हमारे मंत्रालय का मुख्य कार्य समाज के संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिकों तक मंत्रालय की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है और यह तभी बेहतर ढंग से संभव हो सकता है जब हम अपने काम काज में सरल हिन्दी का प्रयोग करें।

यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में पिछले वर्ष की भांति इस बार भी 10 से 24 सितम्बर, 2020 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि मंत्रालय और इसके अधीनस्थ/संबद्ध/स्वायत्त कार्यालयों के सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने सरकारी कामकाज में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करते हुए इस आयोजन को सफल बनाएंगे और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निदेशों का पालन करते हुए सरकारी कार्य को हिन्दी में करने के अपने प्रयासों को निरंतर बनाए रखेंगे।

जय हिन्द।

(संतोष कुमार गंगवार) 04-9.2020

120, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : +91-11-23717515, 23710240 फैक्स : +91-11- 23711708
120, Shram Shakti Bhawan, New Delhi-110001 Phone : +91-11-23717515, 23710240 Fax : +91-11- 23711708
बरेली कैम्प ऑफिस : टेलिफैक्स : 0581-2577777, 2545555 Bareilly Camp Office : Telefax : 0581-2577777, 2545555